CMD COMMUNIQUE

BHUPENDER GUPTA
CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR

Dear SJVNites,

The past quarter has been defined not just by achievements, but by collective spirit, dedication and resilience of Team SJVN.

Our growth journey is supported by strong leadership and talent. I extend a warm welcome to Sh. Parthajit De on assuming charge as Director (Finance) of the company. His rich experience and financial acumen will further strengthen organisation's strategic and financial capabilities. In 2026, we also welcomed a bright and promising batch of Executive Trainees into SJVN family. Each one of them is now an integral part of our vision and legacy. I am sure that they will wholeheartedly contribute to the growth of company while upholding integrity and discipline in their work.

We began first quarter of 2026 by celebrating 77th Republic Day with great enthusiasm across all our offices and projects. Watching tricolour being unfurled and seeing your active participation in 'TIRANGA' celebrations was a reminder that beyond being professionals, we are all proud contributors to nation's growth.

I am proud to share that SJVN has achieved a remarkable generation of 13,302 million units during FY 2025–26. This achievement is a reflection of your relentless efforts. The 1500 MW Nathpa Jhakri Hydro Power Station recorded 7,506.617 million units, marking its second-highest annual generation while also crossing historic milestone of 150 billion units of cumulative generation. The 412 MW Rampur Hydro Power Station achieved its highest-ever annual generation of 2,108.034 million units. In its 11th year of operation, the Power Station achieved its highest-ever third-quarter generation in December 2025. It also achieved its design energy of 1,878 million units on 8th December 2025, the fastest since commissioning. In addition to this, while 60 MW Naitwar Mori HPS exceeded its design energy by 17%, the 1000 MW Bikaner Solar Power Station crossed one billion units of generation on March 20,2026.

In line with its renewable energy vision, SJVN successfully commissioned the 70 MW Dhubri Solar Power Project in Assam, marking our expansion into north-eastern region. Additionally, a 30 kWp PV-based Rooftop Solar Plant installed at Project Hospital of Rampur HPS was dedicated under PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana. This addition supplements existing solar capacities of 172 kWp at Rampur Colony and 60 kWp at Valve House, significantly enhancing company's green energy footprint. These milestones represent not only engineering excellence but also a significant environmental contribution by reducing dependence on fossil fuels and lowering greenhouse gas emissions.

On project front, in the 66 MW Dhualasidh HEP, cumulative progress of 76% has been achieved and construction activities are at an advanced stage. Works related to Dam & Power House concreting and Spiral case, Radial Gate & Penstock erection are in progress.

In the 210 MW Luhri Stage–I HEP, overall project progress of 51% has been achieved. After treatment of cavities and rectification of Diversion Tunnel, river diversion was successfully carried out on 06.02.2026. Reconstruction of Coffer Dam and Slope Stabilization works in Dam and Power House areas are currently underway.

For the 900 MW Arun-3 HEP, cumulative 73% work has been completed. HRT heading has been completed and lining is in progress. Works in Power House complex are at

an advanced stage and erection of Electro-Mechanical components is in progress. Dam concreting is also underway.

For 382 MW Sunni Dam HEP, SJVN has entered into a Contract Agreement with M/s BHEL for Electro-Mechanical Works of the project amounting to Rs. 837.43 crores. The works are scheduled for completion in line with project commissioning. Further, project progress stands at 34%. Dam excavation up to EL 660 m has been completed and excavation below EL 660 m is in progress. Excavation of MAT and Adit to Pressure Shaft bottom has been completed. Excavation of Power House cavern, Transformer Hall cavern and Tail Race Tunnel is progressing.

In the 1320 MW BTPP, boiler light-up for Unit-2 was successfully achieved on 08.02.2026 and steam blowing was completed on 05.04.2026. All construction activities are at an advanced stage, with project progressing towards commissioning.

Our under-construction solar projects are progressing steadily across multiple states. The 75 MW Jamui SPP in Bihar is nearing completion with 88% physical progress and is ready for charging, marking a significant milestone. Similarly, the 50 MW Sonitpur SPP in Assam is in advanced stage with most installations completed and transmission works underway. The 200 MW GUVNL Phase-XVII SPP in Gujarat is progressing well with complete module availability and ongoing structural works.

Reaffirming our commitment to innovation, SJVN signed a strategic MoU with Himachal Pradesh University for advanced Solar PV research. SJVN will sponsor a 36-month R&D project at HPU's Centre for Green Energy & Nanotechnology, developing AI-based diagnostics to enhance Solar PV performance and sustainability. This industry-academia collaboration reinforces SJVN's focus on innovation, sustainability and clean energy solutions.

Strengthening stakeholder engagement remains a priority for us. A Special Vendor Development Meet was organised in New Delhi bringing together MSMEs and key institutions to enhance awareness about procurement systems and increase their participation in SJVN's procurement processes. Interactive discussions on e-procurement and support schemes helped build stronger partnerships and promote transparency. A seminar on Power Trading & Rooftop Solar Business was organised in New Delhi, offering valuable insights into power trading and growing scope of rooftop solar. The engaging discussions and interactions made it a meaningful platform for learning and exchange. Such initiatives help us stay informed, connected and ready for future.

Our sustained efforts in community engagement and cleanliness during nationwide Swachhta Hi Sewa campaign were recognised with Third Prize in Swachhta Hi Sewa Pakhwada Awards 2024-25 by Ministry of Power, GoI.

On governance front, we aligned ourselves with Seva Sankalp Resolution adopted by Union Cabinet on 24th Feb 2026 at Prime Minister's new office, focusing on transparency, accountability and citizen-centric service delivery. SJVN was privileged to host Second Sub-Parliamentary Committee on Official Language at Liaison Office, New Delhi, where Certificate for exemplary efforts in promoting Hindi language in official works was conferred.

SJVN celebrated International Women's Day at SJVN with theme 'Give to Gain', bringing together women employees from across the organisation. Inspiring session by Captain Yashika Hatwal Tyagi reminded us of the power of resilience and determination. Also, outbound learning activities added energy to celebration, encouraging teamwork and collaboration. It was a meaningful occasion that renewed our resolve for inclusivity and empowerment.

Our people continue to excel beyond workplace. I commend our Men's and Women's teams for their outstanding performance in Inter-CPSU Table Tennis and Chess tournaments. We also successfully hosted the 25th Inter-CPSU Kabaddi Tournament at Rampur HPS, with participation from leading organisations across the power sector. Participation of local Mahila Mandals added a meaningful community dimension to the event. These achievements reflect our strong culture of discipline, teamwork and holistic development.

Dear SJVNites, every achievement mentioned here carries your contribution. Behind every unit generated, every project milestone and every recognition, there is your hard work, discipline and commitment. As we move forward, our responsibilities grow alongside our achievements. India is progressing steadily towards the vision of Viksit Bharat and SJVN has a pivotal role in this journey. Let us continue to work with renewed energy, embrace innovation and strive for excellence in everything we do.

"Energy Saved, Energy Generated"

"Save Nature, Save Life"

With best wishes,

Bhupender Gupta
Chairman and Managing Director

सीएमडी संवाद

भूपेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रिय एसजेवीनाइटस ,

गत तिमाही न केवल उपलब्धियों से, अपितु एसजेवीएन टीम की सामूहिक भावना, समर्पण और सुदृढ़ता से भी परिभाषित हुई है।

हमारी विकास यात्रा को सशक्त नेतृत्व एवं प्रतिभा का समर्थन मिला है। मैं श्री पार्थजीत डे का कंपनी के निदेशक (वित्त) का पदभार संभालने पर हार्दिक स्वागत करता हूँ। उनका समृद्ध अनुभव और वित्तीय दक्षता संगठन की रणनीतिक एवं वित्तीय क्षमताओं को और सुदृढ़ करेगी। वर्ष 2026 में, हमने एसजेवीएन परिवार में कार्यपालक प्रशिक्षुओं के एक उज्ज्वल और आशाजनक बैच का भी स्वागत किया। अब उनमें से प्रत्येक कार्यपालक हमारे विजन एवं विरासत का एक अभिन्न अंग है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे अपने कार्य में सत्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखते हुए, कंपनी के विकास में पूर्ण निष्ठा से अपना योगदान देंगे।

हमने वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही का आरंभ, अपने समस्त कार्यालयों और परियोजनाओं में बड़े उत्साह के साथ 77वें गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाकर किया। तिरंगे को फहराते हुए देखना और 'तिरंगा' समारोहों में आपकी सक्रिय भागीदारी का अवलोकन यह याद दिलाता है कि पेशेवर होने के अलावा, हम सभी राष्ट्र के विकास में गर्व के साथ योगदान देने वाले नागरिक हैं।

मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 13,302 मि. यू. का उल्लेखनीय विद्युत उत्पादन हासिल किया है। यह उपलब्धि आपके अथक प्रयासों का ही परिणाम है। 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन ने 7,506.617 मि. यू. का विद्युत उत्पादन दर्ज किया, जो इसका दूसरा सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है। साथ ही इसने कुल उत्पादन के 150 बिलियन यूनिट की ऐतिहासिक उपलब्धि को भी हासिल किया है। 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन ने अब तक का सर्वाधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन 2,108.034 मि. यू. हासिल किया है। अपने प्रचालन के 11वें वर्ष में, इस विद्युत स्टेशन ने दिसंबर 2025 में अपनी तीसरी तिमाही का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन हासिल किया है। साथ ही, 8 दिसंबर 2025 को अपनी डिजाइन ऊर्जा 1,878 मिलियन यूनिट भी प्राप्त की है, जो इसके कमीशन होने के उपरांत सर्वाधिक तीव्र गति से प्राप्त होने वाली उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त, 60 मेगावाट के नैटवाड़ मोरी जलविद्युत स्टेशन ने अपनी डिजाइन ऊर्जा से 17 प्रतिशत अधिक उत्पादन किया, वहीं 1000 मेगावाट बीकानेर सौर विद्युत स्टेशन ने दिनांक 20 मार्च 2026 को एक बिलियन यूनिट उत्पादन का आँकड़ा पार कर लिया है।

अपनी नवीकरणीय ऊर्जा के विजन के अनुरूप, एसजेवीएन ने असम में 70 मेगावाट की धुबरी सौर विद्युत परियोजना को सफलतापूर्वक कमीशन किया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में हमारे विस्तार का प्रतीक है। इसके अलावा, रामपुर एचपीएस के परियोजना अस्पताल में स्थापित 30 केडबल्यूपी का पीवी-आधारित रूफटॉप सौर संयंत्र 'पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत समर्पित किया है। यह नई क्षमता रामपुर कॉलोनी परिसर में पूर्व से मौजूद 172 केडबल्यूपी तथा वाल्व हाउस में 60 केडबल्यूपी की सौर क्षमताओं को अत्यधिक सुदृढ़ करती है, जिससे कंपनी की हरित ऊर्जा क्षमता के फुटप्रिंट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ये उपलब्धियाँ केवल इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक ही नहीं हैं, अपितु जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाने के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती हैं।

परियोजना के फ्रंट पर, 66 मेगावाट धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना में कुल 76 प्रतिशत प्रगति हुई है और निर्माण कार्य अग्रिम चरण में है। बांध एवं विद्युत गृह के कंक्रीटिंग से संबंधित कार्य तथा स्पाइरल केस, रेडियल गेट और पेनस्टॉक का स्थापना कार्य प्रगति पर है।

210 मेगावाट लूहरी चरण। जलविद्युत परियोजना में कुल 51 प्रतिशत प्रगति हुई है। कैविटी ट्रीटमेंट और डायवर्जन टनल के सुधारात्मक कार्यों के उपरांत दिनांक 06.02.2026 को नदी का डायवर्जन सफलतापूर्वक किया गया। वर्तमान में बांध एवं विद्युत गृह क्षेत्र में कॉफर बांध के पुनर्निर्माण तथा ढलान स्थिरीकरण संबंधी कार्य प्रगति पर हैं।

900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना में कुल 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए गए हैं। हेड रेस टनल का खुदाई कार्य पूर्ण हो गया है तथा लाइनिंग कार्य प्रगति पर है। विद्युत गृह परिसर में कार्य अग्रिम चरण में है तथा इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरणों का स्थापना संबंधी कार्य जारी है। साथ ही, बांध का कंक्रीटिंग कार्य भी प्रगति पर है।

382 मेगावाट सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना में, एसजेवीएन ने परियोजना के इलेक्ट्रो-मैकेनिकल कार्यों हेतु 837.43 करोड़ रुपए की लागत से

बीएचईएल के साथ एक संविदा करार किया है। इन कार्यों को परियोजना की कमीशनिंग के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाना निर्धारित है। इसके अलावा, परियोजना की कुल प्रगति वर्तमान में 34 प्रतिशत है। बांध की खुदाई ईएल 660 मीटर तक पूर्ण हो गई है तथा ईएल 660 मीटर के नीचे की खुदाई प्रगति पर है। एमएटी तथा प्रेशर शाफ्ट के तल तक एडिट की खुदाई पूर्ण हो गई है। विद्युत गृह कैवर्न, ट्रांसफॉर्मर हॉल कैवर्न तथा टेल रेस टनल का खुदाई कार्य प्रगति पर है।

1320 मेगावाट बीटीपीपी की यूनिट-2 में दिनांक 08.02.2026 को बॉयलर लाइट-अप सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया तथा दिनांक 05.04.2026 को स्टीम ब्लोइंग का कार्य पूर्ण किया गया है। समस्त निर्माण गतिविधियाँ अग्रिम चरण में हैं तथा परियोजना कमीशनिंग की ओर अग्रसर है।

हमारी निर्माणाधीन सौर परियोजनाएँ विभिन्न राज्यों में निरंतर प्रगति कर रही हैं। बिहार में 75 मेगावाट जमुई सौर विद्युत परियोजना 88 प्रतिशत भौतिक प्रगति के साथ पूर्णता के समीप है तथा चार्जिंग के लिए तैयार है, जो कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसी प्रकार, असम में 50 मेगावाट सोनितपुर सौर विद्युत परियोजना अग्रिम चरण में है, जहाँ अधिकांश स्थापना संबंधी कार्य पूर्ण हो गए हैं तथा ट्रांसमिशन से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं। गुजरात में मॉड्यूल की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित है तथा 200 मेगावाट जीयूवीएनएल चरण-XVII सौर विद्युत परियोजना भी बेहतर प्रगतिरत है।

नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: स्थापित करते हुए, एसजेवीएन ने हि.प्र., विश्वविद्यालय के साथ अग्रिम सौर पीवी अनुसंधान हेतु एक स्ट्रेटिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एसजेवीएन, हि.प्र., विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर ग्रीन एनर्जी एंड नैनोटेक्नोलॉजी में 36 माह की अनुसंधान एवं विकास परियोजना को प्रायोजित करेगा, जिसके अंतर्गत सौर पीवी निष्पादन एवं सततशीलता को बेहतर बनाने के लिए एआई-आधारित डायग्नोस्टिक्स विकसित किए जाएंगे। यह उद्योग-शैक्षणिक सहयोग एसजेवीएन के नवाचार, सततशीलता और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर केंद्रित दृष्टिकोण को अत्यधिक सुदृढ़ करेगा।

स्टेकहोल्डर के साथ जुड़ाव को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। इस दिशा में, नई दिल्ली में एक विशेष वेंडर डेवलपमेंट मीट का आयोजन किया गया, जिसमें एमएसएमई तथा प्रमुख संस्थानों को एक साथ लाया गया, ताकि प्रापण प्रणालियों के प्रति जागरूकता में वृद्धि की जा सके तथा एसजेवीएन की प्रापण प्रक्रियाओं में उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा सके। ई-प्रापण तथा विभिन्न सहायक योजनाओं पर हुई संवादात्मक चर्चाओं ने सुदृढ़ साझेदारी स्थापित करने तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी क्रम में, नई दिल्ली में पावर ट्रेडिंग एंड रूफटॉप सोलर विजनेस पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें पावर ट्रेडिंग एवं रूफटॉप सोलर के बढ़ते दायरे पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गई। सक्रिय चर्चाओं और सहभागिता ने इसे सीखने और विचार-विनियम का एक सार्थक मंच बना दिया। इस तरह की पहलें हमें भविष्य के लिए ज्ञानवान, संपर्कशील एवं तत्पर रहने में सहायता करती हैं।

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा देशव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के दौरान सामुदायिक जुड़ाव और स्वच्छता के क्षेत्र में हमारे निरंतर प्रयासों को 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पुरस्कार 2024-25' में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

गवर्नेंस के क्षेत्र में, हमने 24 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री के नए कार्यालय में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अपनाए गए 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के साथ स्वयं को संरेखित किया, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण पर केंद्रित रहा। एसजेवीएन को नई दिल्ली स्थित अपने संपर्क कार्यालय में 'राजभाषा पर दूसरी उप-संसदीय समिति' की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ कंपनी को कार्यालयीन कामकाज में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रयासों हेतु एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

एसजेवीएन ने ''गिव टू गेन' थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया, जिसमें संपूर्ण संगठन की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। कैप्टन यशिका हटवाल त्यागी के प्रेरणादायक सत्र ने हमें विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहने और दृढ़-संकल्प की शक्ति की याद दिलाई। आउटबाउंड लर्निंग गतिविधियों ने इस आयोजन में ऊर्जा का संचार किया तथा टीमवर्क और सहयोग को बढ़ावा दिया। यह एक सार्थक अवसर रहा, जिसने समावेशिता और सशक्तिकरण के प्रति हमारे संकल्प को और सुदृढ़ किया।

हमारे कर्मचारी कार्यस्थल के बाहर भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं इंटर-सीपीएसयू टेबल टेनिस तथा शतरंज प्रतियोगिताओं में हमारे पुरुष एवं महिला टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देता हूँ। साथ ही, हमने रामपुर एचपीएस में 25वीं इंटर-सीपीएसयू कबड्डी प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसमें विद्युत क्षेत्र की प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। इस आयोजन में स्थानीय महिला मंडलों की भागीदारी ने इसे एक विशेष सामुदायिक आयाम प्रदान किया। ये उपलब्धियाँ हमारे अनुशासन, टीमवर्क और समग्र विकास की सु ढ़ संस्कृति को दर्शाती हैं।

प्रिय एसजेवीनाइट्स, यहाँ उल्लेखित प्रत्येक उपलब्धि में आपका योगदान निहित है। प्रत्येक उत्पादित विद्युत, परियोजना माइलस्टोन और हर सम्मान के पीछे आपका कड़ा परिश्रम, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हमारी उपलब्धियों के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारियाँ भी बढ़ती जाती हैं। भारत 'विकसित भारत' के विजन की ओर निरंतर अग्रसर है और इस यात्रा में एसजेवीएन की महत्वपूर्ण भूमिका है। आइए, हम नई ऊर्जा के साथ कार्य करना जारी रखें, नवाचार को अपनाएँ और अपने हर कार्य में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रयास करें।

''उर्जा संरक्षण, उर्जा उत्पादन''

''प्रकृति बचाओ, जीवन बचाओ''

शुभकामनाओं सहित,

भूपेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

speedways46@gmail.com